# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 99 इंदौर, सोमवार 17 मार्च 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


## विजयनगर थाने में नशे में धुत महिला ने किया हंगामा

### आरोपी को छुड़ाने पहुंची थी थाना परिसर

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जहां एक महिला नशे की हालत में थाने पहुंची और जमकर हंगामा किया। महिला एक आरोपी को छुड़ाने के लिए थाने आई थी, लेकिन नशे में होने के कारण उसने पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की और माहौल तनावपूर्ण कर दिया।

### क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी को किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार कर विजयनगर थाने लाया गया था। जब इसकी जानकारी आरोपी की परिचित महिला को मिली, तो वह उसे छुड़ाने के लिए थाने पहुंची। हालांकि, महिला नशे में धुत थी और उसने पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी।

### थाने में किया जमकर हंगामा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने न सिर्फ पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने की कोशिश की, बल्कि अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने महिला को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वह थाने में ही हंगामा करने लगी।

## संस्था धर्मवीर ने बस्तियों में जाकर बच्चों संग मनाई होली, खुशियों के रंग बांटे

**रंजीत टाइम्स**



**इंदौर। होली के अवसर पर सामाजिक संस्था धर्मवीर द्वारा विभिन्न बस्तियों में जाकर बच्चों के बीच खुशियों के रंग बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

संस्था के कार्यकारिणी अध्यक्ष विशाल श्रीवास ने बताया कि हर वर्ष संस्था बस्तियों के बच्चों के साथ होली मनाती है और उन्हें शुभकामनाएं देती है। इस दौरान बच्चों को पिचकारी, रंग, गुलाल, गुब्बारे और चॉकलेट वितरित किए गए और उनके साथ उत्साहपूर्वक होली मनाई गई। बच्चों में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, और उन्होंने पूरे जोश के साथ रंगों का आनंद लिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अशोक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता हितेश शर्मा, तथा घुमंतू कार्य जिला जगन्नाथ के संयोजक एडवोकेट दीपक चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा, संस्था धर्मवीर के सचिव चेतन भोसले, दुर्गेश गोलकर, सौरभ पांडे, रामेश्वर चौरसिया समेत सभी सदस्यगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्था धर्मवीर ने इस पहल के माध्यम से समाज में प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया और जरूरतमंद बच्चों को त्योहार की खुशियों से जोड़ा।

## हाई कोर्ट चौराहे पर वकीलों वकीलों ने किया चक्का जाम

**रंजीत टाइम्स » अनिल जैन » आदित्य शर्मा**

शेष खबर पृष्ठ क्रमांक 3 पर

हाई कोर्ट चौराहे पर वकीलों द्वारा प्रदर्शन किए जाने पर पुलिस और प्रदर्शनकारी वकीलों में टकराव की स्थिति बनी अफरा तफरी का माहौल टी आई और वकीलों के बीच में मारपीट की नौबत टी आई को बमुश्किल बचाया गया पुलिस बल पहुंचा तुकोगंज थाने का माहौल गरमाया..



# पहले दिन 12 केंद्रों पर 2 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी, किसानों का पुष्पमाला से हुआ स्वागत

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। जिले में किसानों से पूजन-अर्चन कराकर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। पहले दिन आने वाले किसानों का पुष्पमाला, तिलक और साफा से स्वागत किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में जिले में 91 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने की जगह, छाया, टेंट और पेयजल की व्यवस्था की गई है। निःशुल्क स्लॉट बुकिंग के लिए हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर गौरव बेनल ने खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। पहले दिन 12 केंद्रों पर 50 ट्रॉलियों से लगभग 2 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू के अनुसार, किसानों से ही खरीदी कार्य का मुहूर्त कराया गया।



### किसी भी केंद्र पर बुक करा सकेंगे स्टॉल

कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जा रही है। जिला उपार्जन समिति ने जिले में 91 केंद्रों का निर्धारण किया है। जिसमें गोदाम पर 56, स्टील साइलो बरलाई 6, विभिन्न मंडियों में 4 और समिति स्तर पर 25 केंद्र बनाए गए हैं। पंजीकृत किसान अपनी सुविधा से किसी भी केंद्र पर अपना निःशुल्क स्टॉल बुक करा कर अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे। गेहूं उपार्जन 2600 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की जाएगी।

### भुगतान में किसी प्रकार का विलंब ना हो

कलेक्टर आशीष सिंह के विशेष निर्देश है कि किसानों को भुगतान में किसी प्रकार का विलंब ना हो। खरीदी तौल होने के उपरांत तत्काल समिति प्रबंधक ऑपरेटर बिल बनाएं। उसके बाद उसी समय ऑपरेटर द्वारा रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया जाए। हैंडलिंग चालान या ट्रांसपोर्ट चालान बनाया जाए एवं समस्त प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण कर स्वीकृति पत्रक बनाने की कार्रवाई नागरिक आपूर्ति नियम वेयर हाउस कॉरपोरेशन द्वारा की जाये, किसानों को भुगतान की कार्रवाई अतिशीघ्र हो सकें। जिला उपार्जन समिति द्वारा फील्ड में किसानों को पर्याप्त बैठने व्यवस्था, छाया, पेयजल, साफ-सफाई के लिए पंख छलने, क्लीनिंग मशीन, हमाल तथा तौल के लिए पर्याप्त तौल कांटे आदि सुविधा/व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। किसानों का भौतिक सत्यापन जिला स्तर से करने के साथ-साथ सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि नोडल अधिकारी जो केंद्र पर बनाए गए हैं। उनसे केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं का उपलब्ध सामग्री व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन 3 दिनों में पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन जिला समिति को भेजा जाए।

### 31 मार्च तक किए जाएंगे पंजीयन

गेहूं खरीदने के लिए कंट्रोल रूम आईपीसी बैंक इंदौर में बनाया है, जिसके नोडल महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के आलोक जैन को बनाया गया है तथा उनके साथ एक विशेष दल लगाया गया है। वे किसानों की समस्याओं को कंट्रोल रूम 07312533200 पर प्राप्त कर शिकायत का उचित निराकरण समय सीमा में कराएंगे। गेहूं उपार्जन पंजीकृत किसानों से ही किया जाएगा। जिले में कुल 31 हजार 280 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। किसानों के पंजीयन 31 मार्च तक किए जाएंगे। किसानों से आग्रह किया है कि किसान समय-सीमा में अपना पंजीयन कराए ताकी उनको गेहूं बिक्री करने में कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# रसिया कॉर्नर की गेर

**● बाकी की तैयारियां जोरों पर, लट्ठमार होली और रंगों की मिसाइलें रहेंगी आकर्षण का केंद्र**



**इंदौर (नप्र)।** रंगपंचमी पर 19 मार्च को शहर में पारंपरिक गेर का भव्य आयोजन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र में निकलने वाली गेर टोरी कॉर्नर चौराहे से शुरू होकर राजवाड़ा पहुंचेगी और फिर अपने निर्धारित स्थान पर लौटेगी। इस आयोजन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**इस बार नहीं निकलेगी रसिया कॉर्नर की गेर:** हालांकि, इस बार ओल्ड राजमोहल्ला से निकलने वाली रसिया कॉर्नर की गेर नहीं निकलेगी। समिति के पं. राजपाल जोशी ने बताया कि यह गेर अपने 52वें वर्ष में थी, लेकिन प्रमुख संरक्षक पं. क्रांति सागर जोशी के हाल ही में निधन के कारण इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष गेर को और भव्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### गेर में दिखेगा बरसाना की लट्ठमार होली का नजारा

संगम कॉर्नर चल समारोह समिति ने गेर की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसमें कॉलेज के युवाओं से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को आमंत्रित किया गया है। इस बार गेर में बरसाना की लट्ठमार होली की झलक भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, मिसाइलों से रंग उड़ाने की विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिससे रंगों की बौछार का अनूठा दृश्य नजर आएगा।

**इंदौर में रेस्टोरेंट मैनेजर ने किया सुसाइड**

# नोट में लिखा-'श्रुति ने दिया धोखा, इसलिए मर रहा हूं', परिवार पर भी जताया गुस्सा

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर के तेजाजी नगर क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात उसका शव कमरे में लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

**10 साल पुराने रिश्ते का जिक्र, सुसाइड नोट बरामद:** तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, प्रद्युम्न (25) पुत्र कुंवर चंद परदेशी, निवासी तेजाजी नगर, एक निजी रेस्टोरेंट में मैनेजर था। उसने इंदौर से एमबीए किया था और यहां अपने दोस्त के साथ किराए के कमरे में रहता था। घटना के समय उसका दोस्त काम पर गया हुआ था। पुलिस को प्रद्युम्न के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने श्रुति नाम की लड़की का जिक्र किया है। पत्र में लिखा है कि उनका 10 साल से प्रेम संबंध था, लेकिन अब लड़की ने उसे धोखा दिया। उसने यह भी लिखा कि 10 साल प्यार किया और अब कह रही है कि छोड़ दो, इसलिए मैं मर रहा हूं। प्रद्युम्न के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने एक लड़की का जिक्र किया है।




### परिवार पर भी जताया गुस्सा

सुसाइड नोट में प्रद्युम्न ने अपने माता-पिता को भी अपशब्द लिखे और कहा कि मुझे जान देने के बाद तुम्हें भी मरना पड़ेगा, क्योंकि तुमने मुझे बहुत परेशान किया है। दोस्तों के मुताबिक, प्रद्युम्न मूल रूप से छपरा (सनावद के पास) का रहने वाला था और पिछले पांच साल से इंदौर में रह रहा था। उसने यहीं निजी कॉलेज से पढ़ाई की और रेस्टोरेंट में नौकरी करने लगा। उसके पिता किसान हैं और परिवार में मां और एक छोटा भाई है।

# अप्रैल से प्रॉपर्टी गाइड लाइन में औसत 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**सबसे ज्यादा 150 से 170 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी बुढ़ानिया, बिसनावदा, निपानिया, अर्जुन बड़ौद में**

**इंदौर (नप्र)।** प्रॉपर्टी की कलेक्टर गाइड लाइन साल 2025-26 के लिए लगभग तय हो गई है। जिले में 26 प्रतिशत की औसत वृद्धि गाइड लाइन की दरों में होगी। पहले की 5 हजार लोकेशन को संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर के हिसाब से बदलते हुए अब कुल 4680 लोकेशन के लिए गाइड लाइन तय की गई है। इनमें 3226 लोकेशन, एरिया, कॉलोनियों के लिए बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। सबसे ज्यादा 150 से 170 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी बुढ़ानिया, बिसनावदा, निपानिया, अर्जुन बड़ौद, धरनावद, डकाच्या, झलारिया, आउटर रिंग रोड में शामिल गांव, 79 गांवों की जमीन और इंदौर-खंडवा रोड के गांवों में यह बढ़ोतरी की गई है। 240 नई कॉलोनियों को पहली बार गाइड लाइन में शामिल किया है।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक महेंद्र हार्डिया सहित पंजीयन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू ने कहा कि 20 मार्च को दोपहर 3 बजे तक आम लोग दावे-आपत्ति दे सकेंगे।



एआई के माध्यम से मिले संपदा के आंकड़ों और बाजार मूल्यों के आकलन के बाद यह प्रस्ताव तैयार किए हैं। 636 लोकेशन ऐसी हैं, जहां 51 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी गाइड लाइन दरों में की गई है। वहीं 1800 लोकेशन ऐसी हैं, जहां 21 से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। साल 2024-25 में 2400 लोकेशन पर यह बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि नवंबर में भी एक प्रस्ताव पंजीयन विभाग ने बनाया था, लेकिन उस पर राज्य सरकार की अनुमति नहीं मिल पाई थी। इधर अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि बैठक में सिर्फ एक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्हें भी बैठक के थोड़ी देर पहले ही जानकारी दी गई। हजारों कॉलोनियों का फैसला अधिकारी खुद करेंगे, जनता का पक्ष किसी ने नहीं रखा।

### छत से गिरकर कर्मचारी की मौत

# दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था युवक, बिजली कटने के दौरान हुआ हादसा

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर के पीथमपुर इलाके में एक निजी फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की छत से गिरकर मौत हो गई। शनिवार रात वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह छत से गिरकर पीछे के खेत में जा गिरा। दोस्तों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई।

**बिजली कटने के दौरान हुआ हादसा:** पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान देवेंद्र सिंह (निवासी कटनी) के रूप में हुई है। वह करीब एक साल से पीथमपुर की निजी कंपनी में काम कर रहा था। उसके दोस्तों ने बताया कि शनिवार रात वह अपने रूम की छत पर दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान रात करीब 11 बजे बिजली चली गई, सभी हंसी-मजाक कर रहे थे, तभी अचानक देवेंद्र की चीख सुनाई दी। पुलिस के अनुसार, यह मौत हादसे में हुई या इसके पीछे कोई और कारण है, इसकी जांच की जा रही है। मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और दोस्तों से भी पूछताछ जारी है।

**पेड़ के पास घायल मिला व्यक्ति, अस्पताल में हुई मौत:** इंदौर के एमजी रोड इलाके के चिमनबाग मैदान में एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय (37) पुत्र कालीचरण वर्मा, निवासी नंदानगर के रूप में हुई है।

**पड़ोसी नाबालिग ने घर में घुसकर की छेड़छाड़**

# मां के शोर मचाने पर पकड़ा, इलाके में तनाव के बाद पुलिस बल तैनात

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर के रावजी बाजार इलाके में रमजान की सहरी के दौरान 12 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को हिरासत में लिया और पॉक्सो एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया। रावजी बाजार पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है। शनिवार तड़के करीब 3:30 बजे जब वह रमजान में सहरी के लिए उठी, तो बड़ी बेटी के कमरे से आवाजें सुनाई दीं। जब वह कमरे में गई तो देखा कि पड़ोस में किराए से रहने वाला 16 वर्षीय लड़का बच्ची से जबरन छेड़छाड़ कर रहा था। महिला ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया और शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसी दौरान आरोपी किसी तरह खुद को छुड़ाकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया।



**पुलिस ने तुरंत हिरासत में लिया, इलाके में तैनात किया बल:** घटना की सूचना मिलते ही रावजी बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त बल तैनात कर माहौल शांत कराया।

# गाइडलाइन पर 20 मार्च तक सुझाव आमंत्रित

**● रजिस्ट्रार कार्यालय, ई-मेल और वॉट्सऐप से भेजें, 1 अप्रैल से होगी लागू**

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर में अचल संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए गाइडलाइन बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर आमजन से सुझाव मांगे गए हैं। लोग अपने सुझाव 16 से 20 मार्च 2025 तक दोपहर 3 बजे तक वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालयों में दे सकते हैं। सुझाव ई-मेल drindorew@gmail.com या वॉट्सऐप नंबर 9893320632 पर भी भेजे जा सकते हैं। यह प्रस्ताव शनिवार को कलेक्टर आशीष सिंह और विधायक महेन्द्र हार्डिया की मौजूदगी में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में तैयार किया गया। इसमें 3226 क्षेत्र/लोकेशन में संपत्ति की गाइडलाइन बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल है। 20 मार्च तक सुझाव लेने के बाद उन पर अमल होगा, और 1 अप्रैल से नई गाइडलाइन जारी की जाएगी।



## आज तक भारत के इतिहास में किसी भी वकीलों या वकीलों के संगठन के सामने ऐसा हुआ।

वकीलों को कटघरे में खड़ा करने से पहले पुलिस महकमा अपने गिरेबाँ में झांक लेता अपना आत्म मंथन कर लेता तो पुलिस की साख पर ऐसा बदनुमा धब्बा नहीं लगता ... और बताए कि कानून के नाम पर देश की जनता के साथ कौन ज्यादा खिलवाड़ कर रहा है? इंदौर का वो पुलिस महकमा जो एक छुटभैये नेता पार्षद की शह पर उसके अपराधिक गुर्गों द्वारा एक नाबालिग को नंगा कर उसके पार्षद पिता को जलील करने के शर्मनाक अपराधिक कृत्य पर आज तक एफ आई आर नहीं कर पाई ?इंदौर के एक उद्योगपति और स्कूल संचालक के धनबल के रसूख के सामने एक विदेशी युवती के साथ शादी के नाम पर शारीरिक दुष्कर्म कर बेटी को जन्म देने की शिकायत पर आज तक एफ आई आर नहीं दर्ज कर पाई?

## क्यों कि कहावत है

## समरथ को नहीं दोष गुसाईं

वो पुलिस शुक्रवार होली के दिन रंग डालने को लेकर हुए एक मामूली विवाद पर 61 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक और वकील पिता को उसके दो वकील पुत्रों के सामने लट्ठ से मारती है और तत्काल एफ आई आर भी दर्ज कर देती है! और 24 घंटे तक पुलिस के आला अधिकारी चुप क्यों रहते हैं?

क्या पुलिस महकमे को यह पता नहीं है कि



**रंजीत टाइम्स » अनिल जैन » आदित्य शर्मा**

**शेष खबर पृष्ठ क्रमांक 1 की**

वकील भी जस्टिस सिस्टम का एक महत्वपूर्ण अंग है। यदि पुलिस वाले वकील और होने वाले जजो को ही लट्ठ से मारने लगेंगे तो आप कल्पना करो कि इस देश के जस्टिस सिस्टम का क्या हाल होगा? और देश का आम सभ्य आदमी न्याय के लिए किसके पास जाएगा?

कानून की कौन सी धारा में लिखा है कि पुलिस किसी भी सभ्य नागरिक के साथ मारपीट कर सकती है? बिना जांच के एफ आई आर कर लॉकअप मे डालकर किसी भी सभ्य आदमी की इज्जत, जमीर और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ कर सकती है?

गौरतलब है 61 साल के बुजुर्ग वकील पिता को उसके 2 वकील बेटों के सामने पुलिस का एक सब इंस्पेक्टर और कुछ हवलदार रंग डालने को लेकर हुए विवाद में लट्ठ से पीटते है । इतना ही नहीं उनके खिलाफ एफ आई आर करने में जरा देर नहीं करते हैं , जब कि आम जनता को एफ आई आर दर्ज कराने में पसीने आ जाते हैं , जूते घिस जाते हैं । यह घटना शुक्रवार होली के त्योहार के दिन की है, इसी दिन इस घटना के विरोध मे वकीलों का एक जत्था परदेशी पुरा थाने में अपना विरोध दर्ज कराता है!

## शुक्रवार को वकील पिता पुत्रों के साथ हुई मारपीट

एफ आई आर दर्ज करने की बात निश्चित रूप से पुलिस के आला अधिकारियों तक को पता चल गई होगी। पुलिस कंट्रोल रूम को भी यह पता चल गया होगा फिर पुलिस के आला अधिकारियों ने तत्काल परदेशीपुरा थाने में दर्ज हुई एफ आई आर और वकील पिता पुत्रों के साथ हुई मारपीट की घटना पर संज्ञान क्यों नहीं लिया?


जब वकील पिता पुत्रों के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट और एफ आई आर दर्ज करने पर वकीलों के संघठन द्वारा विरोध दर्ज कराने के बावजूद पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया ! तब दूसरे दिन शनिवार को वकीलों के संगठन द्वारा हाईकोर्ट के सामने चौराहे पर धरना दिया गया, जिससे व्यस्त एम जी रोड पूरी तरह जाम हो गया। चूंकि धरना स्थल हाईकोर्ट के सामने का चौराहा था जो थाना तुकोगंज के अधीन आता है। इसलिए तुकोगंज थाना प्रभारी थाने के पुलिस कर्मियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे! वहां पर कतिपय वकीलों ने थाना प्रभारी पर शराब पीकर पहुंचने का आरोप लगाया और थाना प्रभारी के साथ झूमा झटकी करने लगे ! जब थाना प्रभारी के साथ झूमा झटकी और धक्का मुक्की के विडियो सोशल मीडिया पर वाइरल होने लगे, तब आला पुलिस अधिकारियों की नींद टूटी और तत्काल धरना स्थल पर पहुँचकर शुक्रवार को परदेशी पुरा थाने के पुलिसकर्मियों को जिन्होंने वकील पिता पुत्रों के साथ मारपीट की उन्हें सस्पेंड किया ! तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ !

बहरहाल प्रदेश के पुलिस मुखिया,गृह मंत्रालय द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के ऐसे मामलों को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए , अपनी साख को बचाया जा सकता है ...।

## तुमकोगंज थाना प्रभारी के साथ वकीलों द्वारा की गई झूमझटकी और अभद्रता का मामला दर्ज

**रंजीत टाइम्स » अनिल जैन » आदित्य शर्मा**

इंदौर में तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह यादव ने भी झूमाझटकी करने वाले वकीलों पर दर्ज करवाई एफआईआर... मालूम हो कि वकीलों ने भी थाना प्रभारी पर शराब पीने का आरोप लगाया है... वहीं उन्होंने इस मामले को लेकर सीएम से मुलाकात करने की बात भी कही..!



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फर्म-I)


FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. District (जिला): इंदौर अर्बन  P.S. (थाना): तुकोगंज
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0108  Year (वर्ष): 2025
Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 15/03/2025 08:30 बजे

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 132 |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 191(2) |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 3(5) |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1. Day (दिन): शनिवार  Date From (दिनांक से ): 15/03/2025  Date To ( दिनांक तक ): 15/03/2025
Time Period (समय अवधि): पहर 5  Time From (समय से ): 15:00 बजे  Time To (समय तक): 15:00 बजे
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date (दिनांक ): 15/03/2025 Time (समय): 20:30 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ ):Entry No. (प्रविष्टि सं.): 016 Date & Time (दिनांक और समय): 15/03/2025 08:30
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Oral



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फर्म-I)

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):
9. Particulars of properties of interest (संबंधित संपत्ति का विवरण):

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (संपत्ति का प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|

10. Total value of property (In Rs/-)-संपत्ति का कुल मूल्य(रु में):
11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो ):
S.No. (क्र.सं.) UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12.First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य ):
[illegible]
13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 उल्लेख धारा के तहत है ।) or (या)
(1) Registered the case and took up the investigation:
(प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया ):
(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम): Satyjeet singh
No.( सं.): si
Rank (पद): SI (Sub-Inspector)
to take up the Investigation
(को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (
(3) Refused investigation due to (जांच के लिए ):

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर
आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278

# मध्यप्रदेश सरकार का बड़ा ऐलान

## किसानों को मिलेगा गेहूं और धान पर अतिरिक्त लाभ

भोपाल। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि राज्य के धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना के तहत 4000 प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

इसके साथ ही गेहूं किसानों को समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 175 प्रति क्विंटल बोनस राशि प्रदान की जाएगी। यानी किसानों को कुल 2600 प्रति क्विंटल का मूल्य मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "मध्यप्रदेश की समृद्धि का आधार कृषि है, और हमारी सरकार किसानों को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।" यह निर्णय लाखों किसानों को सीधा लाभ पहुंचाएगा और कृषि क्षेत्र को और अधिक मजबूत करेगा। यह योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी और उन्हें



उनकी फसलों का बेहतर मूल्य दिलाने में सहायक होगी। राज्य सरकार के इस कदम से मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

**मुख्य बिंदुः**

**धान के किसानों को 4000 प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता**

**गेहूं किसानों को 2600 प्रति क्विंटल का कुल मूल्य मिलेगा**

**राज्य सरकार कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध**

### सरकार का संकल्प

मध्यप्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने और कृषि को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस योजना से लाखों किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# संत तुकाराम महाराज बीज महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**राजेश धाकड़**

इंदौर, नेहरू नगरः श्री संत भरती खंडागल की पावन स्मृति में अमृत धाम द्वार पर संत तुकाराम महाराज का बीज महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भजन-संकीर्तन के साथ आध्यात्मिक माहौल का आनंद लिया।

महोत्सव के दौरान भजन का आयोजन किया गया, हस्त निर्मित गरुड़ पक्षी को गैस के गुब्बारे द्वारा आसमान में उड़ाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत के माध्यम से संत तुकाराम महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित संत-विद्वानों ने संत तुकाराम महाराज के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया। भक्तों ने भक्ति और सेवा भाव से ओत-प्रोत इस आयोजन में भाग लेकर आध्यात्मिक सुख का अनुभव किया। कार्यक्रम में जुगल बाबा महंत मां शारदा पीठ कस्तूरे महाराज मुदित महाराज छतरी मराठा नव निर्माण सेवा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर चंदू भैया वरिष्ठ पत्रकार तेज कुमार सेन जितेंद्र गुप्ता पुष्पेंद्र तिवारी विनोद गोजर पंकज गुर्जर पुरुषोत्तम सिंह कुमावत लक्ष्मण खंडागले उपस्थित रहे पांडुरंग भजन मंडल के सभी वारकरी संप्रदाय के सदस्यों का सम्मान समारोह अतिथियों द्वारा किया गया है पांडुरंग भजन मंडल के श्री राम भीमराव शिंदे उत्तम राऊत का सम्मान किया गया कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के आध्यात्मिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। सभी आए हुए अतिथियों का सुनील खंडागले नेआभार व्यक्त किया

# छिन्दवाड़ा बन गया विश्व का पुण्य तीर्थ

**रंजीत टाइम्स**

**विश्व को सहज योग की अनुपम भेंट देने वाली संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी की जन्मस्थली है छिंदवाड़ा।21मार्च 1923 को छिन्दवाड़ा में जन्मी श्री माताजी ने आजीवन देश-विदेश में जा जाकर सहज योग की आध्यात्मिक जीवन पद्धति को जनसामान्य के जीवन का हिस्सा बनाने के लिए एक महा अभियान किया था। जिसकी परिणति स्वरूप विश्व के 120 देशों में सहज योग के न सिर्फ केंद्र स्थापित हुए अपितु सहज की साधना ने लोगों के जीवन में ऐसा परिवर्तन दिया कि वे उसके अनुभव के आनंद को हर किसी को बांटना चाहते हैं। जीवन को सरलता से जीने का अचूक सूत्र देने वाली श्री माताजी के प्रति अपनी कृतार्थता प्रदर्शित करना चाहते हैं। इसलिए देश विदेश से पधारे सहज योग के साधकों ने छिंदवाड़ा को तीर्थ समझा। साथ ही सहजयोग संस्था ने छिंदवाड़ा को श्राइन एवं लिंगा ग्राम के रूप में दो आध्यात्मिक स्थल विकसित किया।**

## श्रीमाताजी निर्मला देवी जी आदिशक्ति महाअवतरण क्यों कही जाती हैं

वर्ष 1970 में विश्व को सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की अनुपम भेंट देने वाली श्री माताजी को आदिशक्ति महा अवतरण कहा जाता है क्योंकि उन्होने मानव के विकास को उसके अगले चरण में पहुंचाया है। इसे इस तरह समझा जा सकता है। क्रमिक उत्क्रांतिवाद की परंपरा मे अमीबा से लेकर बंदर और फिर मानव का विकास होने के बाद मनुष्य के केवल तीन आयाम सार्वजनिक रूप से खुले दैहिक, दैविक और भौतिक। वेदों के काल में याने आज से लगभग 21000 वर्ष पूर्व ऋषियो मनीषियों ने आध्यात्म की खोज में आत्मा को ढूँढ निकाला और कोअहम् का उत्तर मिला सोअहम् । परंतु यह खोज गहन व्यक्तिगत साधना का परिणाम थी जिसे पाने हेतु कई जन्मों की तपस्या करना होता था। परवर्ती काल में आदि शंकराचार्य बुद्ध और महावीर ने इसी आनंद को पाने की बात कही। दयानंद सरस्वती ने वेद विद्या का प्रचार इसी ब्रह्म ज्ञान के कारण किया।सोलहवी शताब्दी तक आते आते अनेक सामान्य देह धारी संतों ने इसे पाने की इच्छा व्यक्त की जिसे ईश एकाकारिता या मोक्ष कहा गया। परंतु जन सामान्य को इच्छा व्यक्त करने पर ईश तत्व सुलभ कहाँ हो पाता था यह तो एक कठिन तपस्या की मांग करता था। गुरूनानक देव, तुकाराम, नामदेव, रैदास, मीरा, कबीर, तुलसी सब के सब संतजन सामान्य में आत्मा के जागरण की प्रार्थना करते रहे। और तब आई बीसवी शताब्दी जिसमें श्री माताजी निर्मला देवी ने सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की विधि का आविष्कार किया। ब्रह्माण्ड में व्याप्त परम चेतना जिसे ऋतम्भरा प्रज्ञा कहा गया उसे सामूहिक रुप से मानव की हथेलियों पर से बहा दिया। अब विकास के पायदान पर मानव जाति एक कदम आगे बढ़ चुकी है वह ईश्वरीय परम चेतना को अपने हाथों में अनुभव कर सकती है। जिस सत्यमेव जयते का उद्घोष वेद करते हैं, उस परम सत्य को प्रत्येक मानव के लिए सुलभ कराने का महा अविष्कार किया है श्री माताजी निर्मला देवी जी ने। इसलिए मानव जाति उन्हे महा अवतरण कहती है। ऐसे में सिंहों की भूमि छिन्दवाड़ा का जन्मस्थल सहजयोगी साधकों के लिए पुण्य तीर्थ बन जाता है। अतः विश्व की सामूहिकता माँ की जन्म स्थली पर प्रतिवर्ष उत्सव मनाती है । प्रेम में डूबी हुई सहजयोगियों की धरती सारे विश्व के सहज साधकों के आगमन की बाट जोह रही है। ऐसे भव्य समारोह में कौन शामिल नहीं होना चाहेगा।

## सामूहिक आत्म साक्षात्कार एक बड़ा अविष्कार क्यों है

जन सामान्य की एक साथ सामूहिक रूप से कुंडलिनी पर कार्य करके उनमें से प्रत्येक को परम चेतना का अपने सूक्ष्म शरीर पर अनुभव करवाना एक बड़ा अविष्कार है क्योंकि कुंडलिनी ब्रह्म शक्ति है इस पर कार्य करने का अधिकार केवल ब्रह्म शक्ति को ही हो सकता है एक द्वारा एक पर नहीं अनेक पर एक साथ कार्य करने वाली श्री माताजी निर्मला देवी को इसीलिए महाअवतरण कहा जाता है हथेलियों पर ईश्वर तत्व के बहने का अनुपम अनुभव मानव के आत्म साक्षात्कारी होने का प्रमाण है , श्री माताजी की कृपा से यह सर्वसामान्य को निशुल्क उपलब्ध है वैसे ही जैसे हवा, पानी और अमूल्य जीवन हमें निशुल्क मिला है। एक विश्व गुरु के रूप में भारत संपूर्ण विश्व को आत्मसाक्षात्कार का अनुभव पाने का आमंत्रण यहीं से देता है। इस पुण्य भूमि में बाँहे फैला कर सबका स्वागत है हृदय खोल कर सबके लिए दुआ है।

## संभल एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का गजब होली डांस

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल पुलिस कप्तान का गजब होली डांस भई वाह देखकर चौंक जायेंगे आप सिर पर मिट्टी का गिलास और शानदार बैलेंस बनाकर गानें की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए संभल के एसपी



- **सीओ अनुज चौधरी भी बलम पिचकारी पर जमकर नाचे**

कृष्ण कुमार विश्नोई। उनके इस अद्भुत होली डांस का जब रविवार को वीडियो वायरल हुआ तो हर कोई उनके डांस को लेकर चर्चा करता सुना जा सकता है। दरअसल उत्तर प्रदेश के संभल बीते साल 24 नंवबर को हिंसा के बाद से चर्चा में आ गया है। लिहाजा संभल एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के कंधों पर सुरक्षा का जिम्मा है। वहीं तेज तर्रार कप्तान कृष्ण कुमार विश्नोई ने हिंसा के बाद उपद्रवियों पर ऐसा कार्यवाही का चाबुक चलाया कि कुछ समय के लिए खराब हुए संभल के हालात संभलते देर ना लगी। इसके बाद अब होली पर्व और जुम्मे की नमाज एक साथ होने के चलते संभल पुलिस व प्रशासन पर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी थी। ताकि कोई अप्रिय घटना ना होने पाए। लिहाजा संभल एसपी ने प्रशासन की देखरेख में होली व जुम्मे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के ऐसे इन्तजामात किए कि चाह कर भी कोई भेद नहीं सकता था। चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस बल और सीसी कैमरों के साथ-साथ ड्रोन की पहरेदारी थी। आईपीएस अनुकृति शर्मा ने भी महिला पुलिसकर्मियों के साथ डांस किया। सीओ अनुज चौधरी को पुलिसकर्मियों ने कंधे पर उठा लिया, जिसके बाद उन्होंने बलम पिचकारी गाने पर डांस किया। सुबह डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी कृष्ण विश्नोई ओपन जिप्सी से ऑफिस पहुंचे। जिप्सी में रंग बरसे भीगे चुनर वाली गाना बज रहा था। जैसे ही डीएम-एसपी जिप्सी से उतरे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रंग और गुलाल लगाया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से रंग बरसाए गए। पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को दौड़ाकर रंग लगाया। फिर डीएम, सीओ और एसपी को पुलिसकर्मियों ने कंधे पर उठा लिया और जमकर थिरके। इस दौरान पुलिस लाइन में बने गड्डे में पानी भरा गया, जिसमें एसपी और पुलिसकर्मी कूद गए।

## गडकरी बोले-मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा, लेकिन अपने सिद्धांत पर अटल रहूंगा



**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय रोड और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात। गडकरी ने एक अल्पसंख्यक संस्थान के दीक्षांत समारोह में कहा, मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। समाज सेवा सबसे ऊपर है। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा। गडकरी ने कहा कि हम कभी भी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। मैं राजनीति में हूं और यहां कई तरह की बातें होती हैं।

## पीसीसी चीफ बोले-एमपी में कानून का राज खत्म हो गया

- **इंदौर, मऊगंज की घटनाओं पर कहा- पुलिस अवैध धंधों की संरक्षक बनी, इसलिए डर खत्म हुआ**

**भोपाल।** इंदौर में तुकोगंज थाने के टीआई को वकीलों द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर पीटने, मऊगंज में आदिवासियों द्वारा एक एएसआई की हत्या करने और मंडला में एक आदिवासी का नक्सली बताकर कथित तौर पर एनकाउंटर करने के मामलों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र सरकार को घेरा है। जीतू पटवारी ने भोपाल में अपने आवास पर



मीडिया से चर्चा में कहा, मध्य प्रदेश में जिस तरह की कानून व्यवस्था के हाल हो गए हैं। ऐसा पहला प्रदेश बन गया है, जहां पर पुलिस की पिटाई लगातार और बार-बार होती है। पिछले तीन दिनों में तीन जगह पुलिस पिटी है। इंदौर में वकीलों ने एक टीआई यादव जी को दौड़ा-दौड़ा कर मारा। वकीलों का आरोप है कि यादव जी टीआई साहब दारू पीकर शराब के नशे में पहुंचे थे। मऊगंज में पुलिस की हत्या हो जाना यह क्या मैसेज है। फिर मंडला में एक आदिवासी की पुलिस ने नक्सली बताकर हत्या कर दी। देश के प्रधानमंत्री, देश के गृहमंत्री जी मध्य प्रदेश में कानून नाम की चिड़िया नहीं बची। पटवारी ने कहा, एमपी ऐसा पहला प्रदेश है, जहां पर पुलिस का काम सिर्फ अवैध धंधे चलाना हो गया है। एक जगह घटना नहीं होती, हर शहर, हर जिले की यह स्थिति है। मतलब यह है कि गृहमंत्री का काम पूरा फेल हो गया। हमने बार-बार गृहमंत्री जी से मांग की थी कि आप प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हो। जिस तरीके के हालात बन रहे हैं, उसका कोई एकमात्र दोषी है तो वह आप हैं। जीतू पटवारी ने कहा, मैं मानता हूं कि उनको (सीएम) इस्तीफा देना चाहिए। प्रधानमंत्री जी से आग्रह करता हूं कि अगर वे (मुख्यमंत्री) इस्तीफा नहीं देते हैं तो आपको इनका इस्तीफा लेना चाहिए।

# हटाओ औरंगजेब की कब्र, नहीं तो बाबरी स्टाइल में कारसेवा

### महाराष्ट्र में कोहराम, गरमाई सियासत, मकबरे की बढ़ी सुरक्षा



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी बॉलीवुड फिल्म छावा रिलीज के बाद जहां सुर्खियों में तो वहीं दूसरी तरफ राज्य हिंदुवादी संगठनों ने औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने कहा कि औरंगजेब की कब्र हटाओ हटाने को कहा है। ऐसा नहीं होने पर बाबरी स्टाइल में कारसेवा करने की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी औरंगजेब की कब्र के मुद्दे पर बोले थे। उन्होंने कहा था कि हमें भी लगता है औरंगजेब की कब्र हटाई जाए, कांग्रेस राज में कब्र को एएसआई संरक्षण मिला, कुछ चीजें कानूनी तौर पर करनी पड़ती है। यह भी सामने आया है कि विवाद के बाद इस कब्र पर जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है। इससे पहले राज्य में औरंगजेब को लेकर तब विवाद खड़ा हुआ था जब समाजवादी पार्टी के बड़े नेता और मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर से विधायक अबु आजमी ने मुगल शासक की तारीफ की थी। अबु आजमी इस मामले में बेल पर हैं और पुलिस कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। उन्हें औरंगजेब की तारीफ करने पर महाराष्ट्र विधानमंडल के पूरे बजट सत्र से सस्पेंड किया जा चुका है। औरंगजेब का मकबरा, महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में है। यह औरंगाबाद शहर से 25 किलोमीटर दूर है। अब छत्रपति संभाजी महाराज के सन्मानार्थ खुलताबाद में औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से करने के बाद राजनीति में उबाल आ गया है।

## उज्जैन के संस्कृत विश्वविद्यालय में 'भारत' शब्द का होगा इस्तेमाल

- **सभी दस्तावेजों से इंडिया नाम हटेगा, यह प्रदेश पहला ऐसा विश्वविद्यालय**

**भोपाल।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों पर 'इंडिया' शब्द की जगह 'भारत' शब्द का उपयोग किया जाएगा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से 'इंडिया' शब्द को हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया। अब



विश्वविद्यालय की वेबसाइट, विद्यार्थियों की कॉपी और कैलेंडर सहित सभी जगह भारत शब्द का प्रयोग होगा।। इस फैसले के साथ, संस्कृत विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है जो अपने आधिकारिक दस्तावेजों में 'भारत' शब्द का प्रयोग करेगा। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक कुलगुरु प्रो. विजय कुमार जेसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर चर्चा करना था।

### बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बड़ा हमला

# बीएलए विद्रोहियों ने उड़ाई बस



**क्वेटा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बड़ा हमला हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के नोशकी जिले में एक आत्मघाती हमले में काफिले को निशाना बनाया गया और उसके बाद भारी

### 90 जवानों को मारने का दावा

गोलीबारी की गई। बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक करने वाले अलगाववादी सशस्त्र समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। हालांकि, मीडिया आउटलेट खुरासान डायरी ने स्वतंत्र स्रोतों ने अब तक 7 लोगों की मौत और लगभग 35 लोगों के घायल



होने की पुष्टि की है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने एक बस को निशाना बनाया और उसके बाद दूसरी बस पर गोलीबारी की। काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक आत्मघाती हमले में पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रवक्ता ने आगे कहा कि हमले के तुरंत बाद बीएलए के फतह दस्ते ने बस को पूरी तरह से घेर लिया और उसमें मौजूद सभी सैनिकों को मार डाला। बीएलए ने दावा किया कि पूरी कार्रवाई में कुल 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। खुरासान डायरी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पाकिस्तानी सैन्य बलों के काफिले में 8 बसें और दो कारें शामिल थीं। एक पुलिस अधिकारी के हवाले से इसने बताया है कि एक बस को व्हीकल बॉर्न आईईडी से निशाना बनाया गया है, जो संभवतः एक आत्मघाती हमला है, जबकि दूसरी बस को रॉकेट से संचालित ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। घायलों को नोशकी ले जाया गया है। एक सप्ताह के भीतर बलूच विद्रोहियों का ये दूसरा बड़ा हमला है। इसके पहले मंगलवार को बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर लिया था।

# ट्राईकोडर्मा खेती का सखा



ट्राईकोडर्मा एक घुलनशील जैविक फफूंदीनाशक है जो ट्राईकोडर्मा विरिडी या ट्राईकोडर्मा हरजिएनम पर आधारित है। फसलों में लगने वाले जड़गलन, उखटा एवं तनागलन आदि मिट्टी फफूंद रोगों की रोकथाम के लिए उपयोगी पाया गया है। ट्राईकोडर्मा के कवक तन्तु फसल के नुकसानदायक फफूंदी के कवक तन्तुओं को लपेटकर या सीधे अन्दर घुसकर उनका रस चूस लेते हैं और नुकसानदायक फफूंदों का नाश करते हैं। इसके अतिरिक्त भोजन स्पर्द्धा के द्वारा कुछ ऐसे विषाक्त पदार्थ का स्त्राव करते हैं जो बीजों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनाकर हानिकारक फफूंदों से बीज को सुरक्षा देते हैं। ट्राईकोडर्मा से उपचारित बीज में अंकुरण अच्छा होकर फसलें फफूंदजनित रोगों से मुक्त रहती है एवं उनकी वानस्पतिक वृद्धि अच्छी होती है।

## बीजोपचार

भूमिजनित कवकों से ग्रसित होने वाली फसलों के उपचारित किये जाने वाले बीज को किसी साफ बर्तन में रखे तथा बीजों पर थोड़े से पानी की छींटे दें। अब बीजों में 6 से 8 ग्राम ट्राईकोडर्मा पाउडर प्रति किलो बीज की दर से मिलाकर अच्छी तरह से उलट-पलट दें। इस प्रकार इस पाउडर की बीजों के चारों ओर एक समान परत चिपक जायेगी। अब बीज की बुवाई कर दें।

## मिट्टी का उपचार

ट्राईकोडर्मा पावडर 2.5 किलोग्राम को 75 किलोग्राम कम्पोस्ट अथवा गोबर की खाद में मिलाकर बुवाई पूर्व अन्तिम जुताई से पहले खेत की मिट्टी में अच्छी तरह से मिला दें तत्पश्चात बुवाई करें।






## ट्राईकोडर्मा उत्पादन की देशी व सरल विधि

किसानों के स्तर पर ट्राईकोडर्मा को अधिक मात्रा में उत्पादन करने के लिए एक नई पद्धति विकसित हुई है इसके लिए सबसे पहले जमीन पर 3 मीटर लम्बे, 2 मीटर चौडे एवं 1.5 मीटर गहरे कच्चे गड्ढे बनाते हैं फिर इन गड्ढों में गोबर की खाद डालते हैं। गोबर की खाद पर 50 ग्राम ट्राईकोडर्मा पावडर डालकर गड्ढों को गेहूं का भूसा या धान की पुआल से ढक दें। समय-समय पर पानी का छिड़काव करते रहे जिससे समुचित नमी बनी रहे। 7 से 10 दिन बाद नई गोबर की खाद मिलाकर फावड़े से अच्छी तरह से मिला दें और फिर पुआल से ढंककर बराबर पानी का छिड़काव करते रहें। इस प्रकार लगभग 3 महीने में ट्राईकोडर्मा से उपचारित गोबर की सड़ी खाद तैयार हो जाती है। इस खाद के प्रयोग हम मिट्टी उपचार के लिये करते हैं। नये गड्ढे तैयार करने के लिए गड्ढों में गोबर की खाद डालने के बाद पहले से तैयार ट्राईकोडर्मा उपचारित खाद की कुछ मात्रा मिला देते है और भूसा से अच्छी तरह से ढंककर पानी का छिड़काव करते रहते है। इस प्रकार एक बार तैयार की गई खाद आगे भी बार-बार उपयोग में लाई जा सकती है। इस विधि से तैयार गोबर खाद बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है।



## ट्राईकोडर्मा की कार्य विधि

ट्राईकोडर्मा संवर्ध में इस मित्र फफूंद के असंख्य जीवाणु जीवित अवस्था में होते हैं। इससे बीजोपचार, जड़ोपचार तथा मृदा उपचार करने से फसलों की जड़ों के आसपास इस मित्र फफूंद का जाल भारी संख्या में कृत्रिम रूप से निर्मित हो जाता है। ट्राईकोडर्मा मृदा में स्थित रोग उत्पन्न करने वाले हानिकारक कवकों का प्रतिजैविक है तथा यह उनकी वृद्धि रोककर उन्हें धीरे-धीरे नष्ट करता है जिससे ये हानिकारक कवक फसलों की जड़ों को संक्रमित कर रोग उत्पन्न करने में असमर्थ हो जाते हैं। इस प्रकार ट्राईकोडर्मा एक मित्र फफूंद के रूप में मृदा में उपस्थित हानिकारक शत्रु फफूंदों फसलों की रक्षा करता है।

# गर्मियों की तिल



कम पानी व कम समय में अधिक उत्पादन दे। सामान्य तौर पर मई-जून में 7 दिन के अंतराल पर सिंचाई करते रहना चाहिए तथा सिंचाई सुबह-शाम करें। फूल आने तथा फलियां बनते समय तिल की फसल में सिंचाई अत्यंत आवश्यक है।



# मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में रचा इतिहास

**जीती 12वीं ट्रॉफी, क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल फ्रैंचाइजी बनी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने टी20 क्रिकेट में अपनी बादशाहत को एक बार फिर साबित किया है। हाल ही में महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के साथ ही इस फ्रैंचाइजी ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। मुंबई इंडियंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे सफल फ्रैंचाइजी बन गई है, जिसने विभिन्न लीग्स में अब तक कुल 12 खिताब अपने नाम किए हैं। मुंबई इंडियंस ने 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी।

**मुंबई इंडियंस के खिताबों का शानदार सफर**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 (कुल 5 खिताब)

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतकर इस लीग में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, विशेष रूप से 2019 और 2020 में लगातार खिताब जीतकर इतिहास रचा।

**चैंपियंस लीग ट्वंटी20- 2011, 2013 (कुल 2 खिताब)**

इस अब बंद हो चुकी अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब अपने नाम किया। 2011 में हरभजन सिंह और 2013 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

**महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल)- 2023, 2025 (कुल 2 खिताब)**

मुंबई इंडियंस ने 2023 में शुरू हुई डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में खिताब जीतकर इतिहास रचा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम ने 2025 में भी अपना दबदबा कायम रखा।

**मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी)- 2023 (1 खिताब)**

अमेरिका में शुरू हुई इस टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने अपने पहले ही सीज़न में खिताब अपने नाम किया।

**अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20)- 2024 (1 खिताब)**

संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इस लीग में मुंबई इंडियंस ने 2024 में अपना पहला खिताब जीता।

**साऊथ अफ्रीका 20- 2025 (1 खिताब)**

हाल ही में संपन्न हुए एसए- 20 2025 में मुंबई इंडियंस की सहयोगी टीम, एमआई केप टाउन ने खिताब जीतकर फ्रैंचाइजी को वैश्विक पहुंच और सफलता को एक नया आयाम दिया।

## शायद मैच का दबाव नहीं झेल पाए, WPL फाइनल हारने के बाद दिल्ली के मुख्य कोच



**मुंबई, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने महिला प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा फाइनल हारने के बाद कहा कि शायद उनकी टीम दबाव का सामना नहीं कर सकी। दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से चूक गई।

इससे पहले दो सत्रों में उसे आरसीबी और मुंबई ने ही हराया था। कोच ने मैच के बाद कहा, 'सभी बहुत आहत हैं। मुझे लगता है कि इस विकेट पर 150 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। बड़ा मैच, फाइनल खेलने का दबाव शायद खिलाड़ी झेल नहीं पाए लेकिन मुंबई को जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया। उन्होंने हमारे लिए काफी कठिन कर दिया और हम कभी दबाव बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो फाइनल हारने का उनकी टीम पर कोई मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं था। उन्होंने कहा, 'सभी लड़कियां काफी सकारात्मक थीं। मैं उन्हें दोष नहीं देता। ऐसी नकारात्मक बातें हो रही थी कि पिछले दो फाइनल हारने का कोई दबाव है लेकिन ऐसा नहीं था। वे सभी काफी सकारात्मक और आत्मविश्वास से भरी थीं. उन्होंने कहा, 'कोई मानसिक गतिरोध नहीं था। हमने इस विकेट पर उन्हें 149 रन पर रोक दिया जबकि 180 रन बन सकते थे। हम हार से आहत हैं और आत्मंथन में समय लगेगा कि गलती कहां हुई। लगातार दो कड़े मुकाबले खेलें हैं और यह इतना करीबी मैच था कि बस आठ रन यानी दो चौकों के अंतर से हारे।

# रिटायरमेंट पर फैसला अभी नहीं: विराट कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने कहा कि वे फिलहाल रिटायरमेंट पर फैसला नहीं लेंगे। उन्हें अब भी क्रिकेट से प्यार से है, इसलिए गेम को एंजॉय कर रहे हैं। जब खेल को अलविदा कहने का समय होगा, तब कह देंगे। विराट ने आईपीएल से पहले अपनी टीम आरसीबी को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खुद के प्रदर्शन से बहुत निराश था। इतना बुरा 2014 में इंग्लैंड दौरे के बाद भी नहीं लगा था। विराट ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 9 पारियों में 190 रन ही बना सके थे।

### दोबारा ऑस्ट्रेलिया दौरा भी नहीं मिलेगा

कोहली ने कहा, पिछले दिनों खत्म हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे ने मुझे बहुत निराश किया। इससे पहले 2014 में इंग्लैंड के टेस्ट दौरे ने मुझे लंबे समय तक परेशान किया था, लेकिन 2018 के दौरे पर मैंने हिसाब बराबर कर दिया था। मुझे नहीं पता कि 4 साल बाद मैं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा सकूंगा या नहीं, इसलिए जो भी हुआ मैं उसे एक्सेप्ट कर रहा हूं।

जब आप लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते हैं, तो लोग आपसे बहुत ज्यादा उम्मीदें करने लगते हैं। जब आप खराब खेलते हो तो लोगों को आपसे भी ज्यादा बुरा लगता है। कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी कुछ खास नहीं कर सके थे। 2024 में उन्होंने 10 टेस्ट खेले और उनके बैट से 1 फिफ्टी और 1 ही सेंचुरी आई।

# वडोदरा सड़क हादसे के बाद लॉ स्टूडेंट पर फूटा जान्हवी का गुस्सा





वडोदरा में गुरुवार देर रात हुए एक दर्दनाक हादसा ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। करेलीबाग इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने पांच लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। आरोपी रक्षित चौरसिया (20) ने कथित तौर पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए नियंत्रण खो दिया और राहगीरों को कुचल दिया।

### आरोपी ने नशे की बात से किया इनकार

15 मार्च को बात करते हुए रक्षित ने दावा किया कि वह नशे में नहीं था। उसने हादसे का ठीकरा एक गड्ढे और एयरबैग पर फोड़ा। उसका कहना था, चौराहे के पास एक गड्ढा था।

# 2500 महीना और मुफ्त सिलेंडर, आप नेता सौरभ भारद्वाज बोले- वादों को बजट शामिल करे भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के बजट से पहले कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अपनी पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को बजट शामिल करें। इसमें महिलाओं के 2500, और 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर जैसे वादों का भी जिक्र किया।

आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब से वह (रेखा गुप्ता) दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं। तब से वह सिर्फ लोगों से मिल रही हैं। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जो वादे किए हैं। उनमें महिला समृद्धि योजना के जरिए दिल्ली की हर महिला को हर महीने 2500 रुपये देने का प्रावधान, गरीब तबके की महिलाओं को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर, दलितों को छात्रवृत्ति आदि शामिल हैं। इन सभी वादों का प्रावधान बजट में किया जाना चाहिए।

वहीं दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल की भाजपा नेता लक्ष्मी कांता चावला से मुलाकात पर दिल्ली



के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की टिप्पणी पर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार से पहले नेताओं की मुलाकात को कमतर नहीं समझा जाता था। वे लोगों में नकारात्मकता फैलाते हैं। नेताओं को सवाल की भावना से देखते हैं। भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता है।मनजिंदर सिंह सिरसा पर अब बड़ी जिम्मेदारी है। हमने उन्हें एक बेहतरीन अर्थव्यवस्था दी है। उन्हें अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने के बजाय इस पर ध्यान देना चाहिए।

विधानसभा का दूसरा सत्र (बजट सत्र) 24 मार्च से शुरू होगा। इस सत्र के दौरान भाजपा सरकार अपना पहला बजट 25 मार्च को सदन में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से प्रस्तुत किया जाने वाला बजट न केवल दिल्ली की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि भाजपा सरकार के संकल्प पत्र को भी प्रमुखता दी जाएगी। इसमें दिल्ली के लिए विकास के कई अहम वादे किए गए थे। मुख्यमंत्री के पास वित्त मंत्रालय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सत्र के पहले दिन 24 मार्च को सरकार के कामकाज को स्वीकृति दी जाएगी। इस दिन सदन में विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजट प्रस्तुत करेंगी और 26 मार्च को बजट पर सामान्य चर्चा होगी, जबकि 27 मार्च को बजट पर विचार और पारित करने की प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को सदन में निजी सदस्य बिल और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिसे निजी सदस्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सदस्य अपने-अपने प्रस्तावों को सदन में प्रस्तुत करेंगे जिसके लिए नोटिस भेजने की अंतिम तिथि 13 मार्च है।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण सत्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और सत्र के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें। विशेष रूप से प्रश्नों के नोटिस तत्काल प्रभाव से प्राप्त किए जाएंगे और सदस्य अपने नोटिस नियमों के तहत दर्ज कराएं। प्रत्येक विभाग के लिए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए विशेष दिन निर्धारित किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नोटिस समय पर प्राप्त हों और किसी भी प्रक्रिया में कोई देरी न हो। बताया जा रहा है कि भाजपा सरकार पहले बजट में दिल्ली के नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा करेगी।

## एक्शन में दिल्ली सरकार : बरसात में भरा पानी तो विधायकों को देना होगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा की सरकार बबनने के बाद मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक सभी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। रविवार को एलजी और मुख्यमंत्री समेत आलाधिकारियों ने बारापुला नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री भी मौजूद रहे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज बारापुला ब्रिज पर यमुना नदी की ओर जाने वाले बारापुला नाले का निरीक्षण किया। वहीं दूसरी तरफ सुनहरी पुल नाले पर जल निकासी की स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि ये वे नाले हैं, जिन्हें पिछली सरकारों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। नालों की कभी सफाई नहीं हुई। एजेंसियों के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी कि कौन सी एजेंसी इन्हें साफ करेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को गाद निकालने की जिम्मेदारी दी है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि बारिश के मौसम में जलभराव न हो। काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हम विधायकों से नालों, सीवेज की सफाई के बारे में किए जा रहे कामों के बारे में लिखित में पूछेंगे। वहीं उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली नवगठित सरकार ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया था कि बरसात के मौसम में जलभराव न हो और हमने प्रमुख नालों बारापुला, सुनहरी का निरीक्षण किया। हमने दयाल सिंह कॉलेज के पास के नाले का भी निरीक्षण किया।

## नाबालिग ने रची गजब की साजिश : लड़की बनकर किशोर को फंसाया, अगवा कर मांगे 50 हजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी ने खुलासा किया कि देवली, खानपुर से 18000 रुपये की डाउन पेमेंट कर स्कूटी खरीदी थी। शेष भुगतान करने के लिए उसने इंस्टाग्राम पर एक लड़की की फर्जी आईडी बनाने का फैसला किया। फिर किसी को अगवा कर पैसे हड़पने की साजिश रची।

संगम विहार में रहने वाले एक नाबालिग ने रोजगार के लिए स्कूटी खरीदी, लेकिन उसकी किश्त निकालने के लिए गलत रास्ता अपनाया। नाबालिग ने इंस्टाग्राम पर लड़की की फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक किशोर से दोस्ती की। इसके बाद उसे साकेत मेट्रो स्टेशन मिलने बुलाया। यहां से आरोपी व उसके दो नाबालिग दोस्तों ने किशोर का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद उसके भाई से 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी। महरौली थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़कर किशोर को सकुशल मुक्त करा लिया है।

दक्षिण जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि महरौली थाना पुलिस को 12 मार्च को 5.45 बजे फिरौती के लिए अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस को मौके पर मिले संगम विहार निवासी युवक ने बताया कि दोपहर लगभग 1 बजे उसका 17 वर्षीय चचेरा भाई एक मित्र के साथ इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क किए गए एक परिचित से मिलने साकेत मेट्रो स्टेशन गया था। जब वह प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी तीन अज्ञात युवक उसे जबरन स्कूटी पर ले गए। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 50,000 की फिरौती की मांग की गई। मामला दर्ज कर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह व एटीओ/महरौली इंस्पेक्टर अनुराग सिंह व एसआई नरेंद्र की टीम ने जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने साकेत मेट्रो स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। उस इंस्टाग्राम आईडी की जांच की, जिससे पीड़ित को फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। फिरौती की रकम व्हाट्सएप के जरिए भेजे गए स्कैनर के जरिए मांगी जा रही थी, जो आंध्र प्रदेश के एक बैंक खाते से जुड़ा पाया गया। आखिरकार आरोपी की लोकेशन संगम विहार में मिली। पता लगा कि आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस ने तीनों को करणी सिंह शूटिंग रेंज, तुगलकाबाद के पास से पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त स्कूटी और मोबाइल बरामद किया गया। 18000 रुपये की पेमेंट की थी। दिलचस्प बात यह है कि मुख्य आरोपी पढ़ना-लिखना नहीं जानता है तथा पीड़ित से चैट के दौरान सुनने और टाइप करने के लिए गूगल ट्रांसलेट का इस्तेमाल करता था। इसके लिए उसने अपने दोस्तों को भी शामिल किया।

## कांग्रेस अधिवेशन से राहुल-खड़गे की अहम बैठक 18 को, संगठन मजबूती की कवायद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 मार्च को पार्टी महासचिवों और राज्य प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे. इसमें कांग्रेस के हाल ही में हुए पुनर्गठन की समीक्षा होगी. 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होने वाले एआईसीसी अधिवेशन के लिए रणनीति तय की जाएगी. 19 फरवरी को कांग्रेस हाईकमान ने महासचिवों और राज्य प्रभारियों के साथ सात घंटे की बैठक की थी, जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी. इसके बाद, राज्य प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि वे जिला स्तर पर खाली पदों को जल्द भरें. एक बार सभी जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति हो जाने के बाद, आलाकमान एआईसीसी सत्र से पहले तीन दिवसीय सम्मेलन में उनके साथ पुनर्गठन की रणनीति पर चर्चा करेगा. जिसके दौरान देश भर से लगभग 3,000 प्रतिनिधियों द्वारा कुछ प्रमुख संगठनात्मक बदलावों



को मंजूरी दिए जाने की संभावना है. हालांकि, जब प्रभारी जिला इकाइयों को पुनर्गठित करने में जुट गए, तो विभिन्न गुटों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की गई, ताकि भविष्य में नई प्रणाली सुचारू रूप से काम कर सके. चूंकि आलाकमान सशक्त जिला इकाई प्रमुखों से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए एक नई प्रणाली स्थापित करना चाहता है, इसलिए स्थानीय स्तर पर पार्टी को पुनर्जीवित करने में मदद करने वाले व्यक्तियों के साथ इसके विवरण पर चर्चा करने की आवश्यकता है. गोवा के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने ईटीवी भारत को बताया कि यह संगठन का एक साल है. अगले महीने एआईसीसी का सत्र भी होने वाला है. 18 मार्च की समीक्षा के दौरान दोनों मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड के एआईसीसी प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका ने ईटीवी भारत को बताया, 18 मार्च की समीक्षा बैठक में काम चल रहा है और जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी. फोकस जिला इकाइयों को सशक्त बनाने और चुनाव उम्मीदवार चयन और घोषणापत्र तैयार करने के दौरान फीडबैक देने में उन्हें जवाबदेह बनाने पर है. राहुल गांधी और खड़गे पार्टी में निर्णय लेने के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता के बारे में बात कर रहे हैं. अब वे इन बदलावों को संरचनात्मक बनाएंगे. टॉप-डाउन सिस्टम बदल जाएगा और पुनर्निर्मित जिला इकाइयां पार्टी के काम करने के तरीके को बदल देंगी. इससे पहले खड़गे ने पिछले साल उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में इकाइयों को भंग कर दिया था, जिन्हें अब क्रमशः संबंधित राज्य प्रभारियों अविनाश पांडे, रजनी पाटिल और अजय कुमार लल्लू द्वारा नए सिरे से पुनर्गठित किया जा रहा है. इसी तरह बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में प्रभारी जिला इकाइयों में फेरबदल कर रहे हैं.

## जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने की आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा



**बैतूल (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान कार्ड बनाये जाने संबंधी समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जल्द से जल्द शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। उन्होंने विकासखंडवार सामान्य हितग्राहियों और 70 वर्ष की आयु से अधिक के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि कार्ड बनाये जाने की उपलब्धि हासिल करने में अंतराल को शीघ्र पूर्ण किया जाए। खंड चिकित्सा अधिकारी बीआईएस पोर्टल से पंचायतवार हितग्राहियों की नामजद सूची प्राप्त कर, नये दर्ज हुये नामों का अवलोकन कर उन्हें लक्षित करें एवं जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड बनवाएं। बीआईएस पोर्टल में बने हुये आयुष्मान कार्ड जो ऑरेंज कलर में प्रदर्शित हो रहे हैं, उन्हें पुनः जांच कर निर्धारित कमी को पूर्ण कर ग्रीन कलर में परिवर्तित कराना सुनिश्चित करें। जिन हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन तो गये हैं किन्तु अभी भी पोर्टल में बनाये जाने के लिए प्रदर्शित हो रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों के नाम, आधार कार्ड के नम्बर एवं आयुष्मान कार्ड के नम्बर की सूची बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि उन्हें हटाये जाने की कार्यवाही की जा सके।

**भैंसदेही, चिचोली एवं प्रभात पट्टन में विशेष प्रगति लाने दिए निर्देश :** सीईओ श्री जैन ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति समीक्षा के दौरान विकासखंड भैंसदेही, चिचोली एवं प्रभात पट्टन को विशेष प्रगति लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन विकासखंडों का लक्ष्य 90 प्रतिशत से अधिक अर्जित हो चुका है वे भी विशेष योजना बनाकर कार्य करें एवं जिले की उपलब्धि में प्रगति लायें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रविकांत उइके को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के निचले अमले को कड़ाई से निर्देशित करें कि बिना कोताही के शत-प्रतिशत कार्य करें, या तो कर्मचारी पूरे प्रयास के साथ बेहतर कार्य करें, नहीं तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने सबसे निकृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की खंड चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से विकासखंडवार समीक्षा कर कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

**100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान की समीक्षा :** सीईओ श्री जैन ने 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान तथा निरोगी काया अभियान की भी समीक्षा की तथा अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों , समाजसेवियों, दानदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों, अधिकारियों को फूड बास्केट प्रदाय करने के लिये प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीएमएचओ डॉ रविकांत उइके, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ राजेश परिहार, जिला क्षय अधिकारी डॉ आनंद मालवीय, जिला मीडिया अधिकारी श्रीमती श्रुति गौर तोमर, जिला मलेरिया अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत, डीपीएम डॉ विनोद शाक्य, एमएण्डईओ श्री मनोज चढ़ोकार सहित जिले के समस्त मुख्य खंड एवं खंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।